● डॉ. धन सिंह रावत
मंत्री
चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा
सहकारिता, उच्च शिक्षा, संस्कृत शिक्षा,
विद्यालयी शिक्षा

उत्तराखण्ड सरकार

विधान सभा भवन
कक्ष सं. : 20
फोन : 0135-2666304
फैक्स : 0135-2666308 (का.)

पत्रांक 450 /मंत्री/उ.शि.चि.शि./2024-25
दिनांक 10/03/2025

मुझे यह जानकारी साझा करते हुये अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा, राज्य के समस्त 122 विभागों/बोर्डों/आयोगों एवं केन्द्र के उत्तराखण्ड में स्थापित 82 प्रतिष्ठित संस्थाओं (यथा IIT, IIM, CBRI, IIRS, IMA, HNBGU, IGNOU, NIOS, etc) की समस्त योजनाओं/सेवाओं को संकलित कर गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना"** गत वर्ष 2024 में **"मेरी योजना—राज्य सरकार"** तथा वर्ष 2025 में **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार"** 03 पुस्तकें तैयार की हैं, जिनकी पी0डी0एफ0 प्रति आमजन हेतु निःशुल्क उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book के लिंक में उपलब्ध है। इन पुस्तकों की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें राज्य सरकार के समस्त विभागों द्वारा संचालित (राज्य पोषित/केन्द्र पोषित) मुख्य योजनाओं/सेवाओं तथा केन्द्र के राज्य में स्थापित प्रतिष्ठित संस्थानों की योजनाओं/सेवाओं/पाठ्यक्रमों का उल्लेख सरल हिन्दी भाषा में किया गया है तथा योजना/सेवा क्या है, कौन पात्र हैं, इसका लाभ क्या है, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या होगी आदि का उल्लेख किया है ताकि वंचित पात्र लाभार्थी (लाभार्थी एक गरीब व्यक्ति भी है तो एक इन्वेस्टर भी, एक दिव्यांग भी है तो एक खिलाड़ी भी, एक विद्यार्थी भी है तो एक स्वरोजगार करने वाला भी, मुख्यतः सभी वर्ग, आयु, समाज से जुडे व्यक्ति) योजनाओं/सेवाओं की जानकारी इन पुस्तकों से प्राप्त कर सकें। साथ ही लाभ कैसे ले सकते हैं, की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर, आसानी से लाभ प्राप्त कर सकें।

इसके अतिरिक्त **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार"** पुस्तक में केन्द्र के राज्य में स्थापित 82 प्रतिष्ठित संस्थानों में किसी भी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी/शोधार्थी, कैसे भ्रमण हेतु जा सकते हैं, का स्पष्ट उल्लेख किया है तथा समस्त संस्थाओं का नाम, पता, दूरभाष इत्यादि का विवरण भी उल्लिखित है, ताकि समन्वय करने में आसानी हो।

हमारे राज्य के समस्त विद्यार्थी, इन प्रतिष्ठित संस्थाओं की ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी और वैज्ञानिकों से रूबरू हो सकें। साथ ही भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के सपने को कि **"हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है एक युवा जनसंख्या एवं सबसे बड़ी कमजोरी है युवा जनसंख्या के पास बड़े सपने न होना"** का साकार करना है। विद्यार्थी, संबंधित संस्थाओं में भ्रमण कर यह जान पायेंगे कि कैसे असीम विज्ञान एवं तकनीकी को अपने जीवन में उतार सकते हैं।

इस दिशा में आप, पुस्तक को उक्त लिंक से डाउनलोड कर, केन्द्र के प्रतिष्ठित संस्थाओं में, राज्य के समस्त स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों/शोधार्थियों को भ्रमण हेतु भेजना सुनिश्चित करें।

भवनिष्ठ,

(डॉ0 धन सिंह रावत)

डा0 अंजु अग्रवाल जी,
निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उत्तराखण्ड,

(दीपक कुमार)
सचिव
शिक्षा, जनगणना
कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग
उत्तराखण्ड शासन